**Regarding need to restart Mahalaxmi Mill, Beawar district, Rajasthan-Laid**

श्रीमती महिमा कुमारी मेवाड़ **(राजसमन्द) :** मेरे संसदीय क्षेत्र के ब्यावर जिले में 1925 में स्थापित महालक्ष्मी मिल के मजदूरों को अभी तक न्याय नहीं मिल सका है । लगभग 100 वर्ष पुरानी इस मिल के नवीनीकरण के प्रयास वर्ष 2008 में शुरू हुए थे और उसके उपरांत मशीनों की नीलामी और भूमि समतलीकरण के दो चरण पूरे भी हुए परन्तु तकनीकी अपग्रेड करके मिल का पुनर्निर्माण नहीं हो पाया और फिर इस मिल को अन्यत्र स्थापित करने पर भी विचार किया गया है । ब्यावर जिला कानपुर, कोलकाता और अहमदाबाद की तरह कपड़ों की मिलों के लिए महत्वपूर्ण स्थान रहा है । अत: आपके माध्यम से मेरी सरकार से यह मांग है कि महालक्ष्मी मिल के स्थापना शताब्दी वर्ष में इस स्थान में पारंपरिक व्यवसायिक गतिविधि को सम्मान देते हुए मिल का स्थानांतरण अन्य स्थल पर न किया जाये और मिल का नवीनीकरण व उच्चीकरण करते हुए शीघ्रतिशीघ्र मिल को फिर से ब्यावर जिले में ही शुरू किया जाये ।